उसके बेटे या बेटी को नौकरी देना एक अलग बात है, इस किस्म के हालात में नौकरी देने की बात अलग हालात की बात है। कहां तक किस का क्या मामला है, कोई बहादुरी से भाहीद हो गया, क्यों हो गया, कैसे हो गया, सारी बात को देख कर ही रिलैक्से ान दी जाती है। (विघ्न) यह देखना पडेगा कि रिलैक्से ान किन किन हालात में दी जा सकती है और अगर दी जा सकती होगी तो जरूर देंगे। (विघ्न) अगर कोई आदमी किसी के घर डकैती करने जाए और कोई घरवाला आदमी उसको गोली मार दे तो क्या उसको भी दे देंगे ? (विघ्न) यह देखने के बाद कि यह बात कहां तक ठीक है, रिलैक्से ान देंगे। स्पीकर साहब, चौधरी वीरेन्द्र सिंह और चौधरी सम्पत सिंह जी के पास सिंचाई का महकमा भी रहा है, इसलिए इस बारे में भाायद ये कुछ जानकारी भी रखते होंगे। स्पीकर साहब, मु कल यह है हमारे इधर के लोग उधर के लोगों को समझाने की बहुत कोि ा ा करते हैं लेकिन इनके दिमाग में कोई बात घुसती ही नहीं, पता नहीं क्यों नहीं घुसती ? ये पढे लिखे प्रोफैसर रहे हैं, आदमी को कुछ तो समझ आनी चाहिए। स्पीकर साहब, ये भली भांति जानते हैं कि नरवाना ब्रांच मेन भाखडा में से निकलती है जो पंजाब से गुजरती है। पंजाब के एरियामें 32 जगह कट कर दिया था बडी मु कल से उनको भरवाया गया। (विघ्न) हम मान लेते हैं कि एस0वाई0एल0 भी चौधरी देवी लाल जी ने बनवाई, हम कमजोर हैं आप बहुत बहादुर हो। अध्यक्ष महोदय, जब मैं पहले मुख्य मंत्री था, हमने ही इसको ठीक करवाया था और 2800 से 3400–3500

तक ले गए थे। यह बात भी ठीक है कि यह 4000 तक जा सकती है इसमें मु कल यह है कि इसको करने के लिए हमने पंजाब वालों को लिखा भी और उनको पैसा भी दिया ताकि हमारी नहर की कैपेसिटी को वे बढा दें लेकिन उन्होंने काम भाुरू नहीं किया, क्यों। इसके लिए नहर 3 महीने बंद करनी पडती है और पंजाब वाले 3 महीने के लिए बंद करने को तैयार नहीं हैं। सिरसा और हिसार में कोई फर्क नहीं है। राजस्थान कैनाल से लिंक कैनाल बनी हुई है उसे बने हुए 2 साल हो गये हैं और पंजाब की सरकार से 15 दिन बंद करवा कर वह नहर जोडी गई थी। बडी मु कल से पंजाब वाले उसके लिए तैयार हुए थे। भारत सरकार ने इन्टरवीन किया तब कहीं जाकर वह जुडी। वे नहर बंद नहीं करते। कोईऐसा कानून नहीं है कि धक्के से उसे बंद करवाया जा सके, 15 दिन पहले नहर बंद करनी पडी थी, तब कहीं जाकर लिंक नहर जुड पाई थी। इसके लिए हम फिर को ि ा ा करेंगे कि नहर की डी सिल्टिंग हो जाए, बर्म्ज ऊंचे हो जाएं और जितना पानी ले सकते हैं, लें, ताकि किसान को ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंच सके लेकिन असली हल तो तभी होगा जब एस0वाई0एल0 की कैनाल बन जाएगी और उसका पानी हरियाणा में आ जाएगा। अध्यक्ष महोदय, मैंने सारी बातों का जवाब दे दिया है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, सूखे के बारे में और बाढ के बारे में कल साढे तीन घंटे बहस हो चुकी है और

एक घंटा मैंने जवाब दिया था। इस बारे में डिसक ान करने की कोई आव यकता नहीं है।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री जी ने कहा कि कल डिसक ान हो चुकी है। कल तो फ्लड के बारे में डिसक ान हुई थी और अब हम सूखे के बारे में कह रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, फ्लड के बाद सूखा आया है। जैसे आप खुद मानते हैं काम रोको प्रस्ताव के बारे में आपने कहा कि फलड की बात पुरानी हो गई है। स्पीकर साहब, अगली सूखे की बात है। पानी के लिए जगह जगह मुजाहरे हो रहे हैं और औरतें घडें तोड रही हैं।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, हाउस का काम पडा हुआ है पहले उसे खत्म कर लें और डेढ बजे के बाद फिर इस बारे में बात कर लेंगे।

प्रो0 सम्पत सिंहः अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी ने एक बात कही ओर यह बिजनैस एडवाईजरी कमेटी की मीटिंग में भी आयी थी। उसमें इनहोंने माना था कि पहले दिन फलड पर डिस्क ान कर लेंगे और बाद में सूखे पर कर लेंगे। हमें कोई एतराज नहीं है। ठीक है हम आज के अजैंन्डे से फारिग हो कर इस पर बहस कर लेंगे। अध्यक्ष महोदय, जो भी उचित टाईम है वह तो हमें मिलेगा। हम तो चाहते हैं कि आधा घण्टा और एक घण्टा प्लस करवा लेंगे, हम गुणा करने को नहीं कहेंगे। कल

पीरचन्द जी ने गुणा करने को कहा था परन्तु हम तो प्लस करने को कह रहे हैं।

श्री बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, मेरा एक सब मि ान है। सूखे के बारे में कल भी बात हुई थी कि आज डिसक ान कर लेंगे। अध्यक्ष महोदय, इस बारे में आपकी भी इजाजत होनी चाहिए और मुख्य मंत्री जी को भी मान लेना चाहिए कि पहले डिस्क ान हो। इस तरह हाउस का काम भी जो जाएगा और पहले डिस्क ान भी होनी चाहिए।

श्रीमती चन्द्रावतीः सर, कल भी इस पर काल अटैंं ान थी और आज यह स्थान प्रस्ताव सूखे पर है। अगर ये सब इकटठी कर देंगे तो हम भी इस पर बोल सकेंगे। अगर नहीं तो मेरी भी एक काल अटैन्ं ान है।

श्री अध्यक्षः ठीक है जी।

श्री लहरी सिंहः अध्यक्ष महोदय, मेरी भी एक काल अटैंं ान मो ान है। गन्ने की फसल पर जो पैनल्टी डाल दी है, उसके बारे में है।

श्री अध्यक्षः यह अभी अंउर कंसीडरे ान है। Please take your seat.

Hon'ble members, keeping in view the importance of the subject and to save the time of the House, I have converted both these adjournment motions into motions undre

Rule 84 and clubhed them for discussion. Hon'ble members, this motion will be discussed today after the business entered on the order paper is completed. (Interruptions).

श्री बंसी लालः स्पीकर साहब, मेरी एक सबमि ान है। कि इस बिजनैस के निकालने के बाद आप डाउट पर डिसक ान के लिए कितना टाईम रखेंगे ?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इस बारे में कल सारी बातें सभी सदस्यों ने कह दी थी।

श्री बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, कल तो बाढ पर चर्चा हुई थी। लेकिन आज सूखे पर डिसक ान के लिए टाईम फिक्स होना चाहिए।

श्री अध्यक्षः बंसीलाल जी, प्रजैन्ट बिजनैस पूरा होने के बाद आपको टाईम बता देंगे।

श्री बंसी लाल (तो ाम): उपाध्यक्ष महोदय, यह तो सभी मानते हैं और सरकार भी मानती है कि स्टेट में सूखे की स्थिति है। उससे निपटने के लिए सुझाव चाहिएं ताकि फौरी तौर पर सरकार जो सहायता कर सकती है, करे। सहायता यह कर सकती है कि भाखडा नहर का कुछ पानी, कुरूक्षेत्र जिले की तरफ, करनाल और पानीपत तथा नरवाना सब डिवीजन को छोडकर जीन्द, सोनीपत, रोहतक और हिसार जिले का हांसी सब डिवीजन और फरीदाबाद, गुडगांव, भिवानी, रिवाडी, महेन्द्रगढ के इलाकों

को, जहां सूखे की बहुत भयंकर स्थिति है, तथा जहां पर चारे का कोई प्रबन्ध नहीं है और मवेि ायों के मरने के पूरे आसार हैं, पहले प ु बाढ से मारे गये थे और अब भी सूखे के कारण मरेंगे, के लिए फौरी तौर से कुछ पानी भेजा जाना चाहिए ताकि लोग चारा पैदा कर सकें और रबी की फसल ले सकें। उपाध्यक्ष महोदय, आज तूडा का भाव 150 रूपये है। कल भी मैंने इसका भाव 150 रूपये बताया था लेकिन जब कल भााम को एक आदमी मुझसे मिला तो उसने कहा कि आपने तूडा का भाव 150 रूपये क्यों कह दिया ? इसका भाव तो 165 रूपये है। उपाध्यक्ष महोदय, एक रूपये 65 पैसे किलो के हिसाब से प ुओं को चारा खिलाना किसानों के लिए गरीब आदमी के लिए कोई आसान बात नहीं है। सरकार को फौरी तौर से सबसिडी देकर चारे का प्रबन्ध करना चाहिए। इसके अलावा, दूसरी चीज यह है कि किसानों को जो कर्जा दिया हुआ है और जिसकी वसूली तेजी से चल रही है, उस वसूली को रोका जाये। जब किसान की अगली फसल यानी रबी की फसल अच्छी हो जाए तो यह वसूली आप कर सकते हैं। अगर रबी की फसल भी अच्छी नह हो तो उससे अगली खरीफ की फसल अच्छी होने पर इसकी वसूली कर सकते हैं, उससे पहले इसकी वसूली न की जाए। उपाध्यक्ष महोदय, इसके अलावा किसानों को अच्छी बिजली देनी चाहिए, चाहे इसके लिए इंडस्ट्रीज को पूरी तरह से बन्द क्यों ने करना पडे। स्टेट में आज भी कई इंडस्ट्रीज चल रही हैं, भाायद मुख्य मंत्रजी को भी इसका पता होगा और आपको भी इसका अच्छी तरह से पता होगा। इसलिए

उन सब इंडस्ट्रीज की बिजली बन्द करके एग्रीकल्चर सैक्टर को देनी चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, जैसा लीडर आफ अपोजी ान ने बताया कि चौधरी अतर सिंह के पास ऐफेडैविट भी है लेनिक वह इस समय सदन में नहीं हैं। उपाध्यक्ष महोदय, एक नहीं कई ऐफेडेविट ऐसे हैं जिनमें बिजली के महकमें के लोग बगैर रि वत लिए बिजली के कनैक ान नहीं देते। हमारे जिले में आज बिजली की हालत यह है कि अगर कोई आदमी बिजली के कनैक ान के लिए आता है, तो उससे कहा जाता है कि पहले कमि नर के पिता के पास जाकर पैसा दो, तब जाकर उसको बिजली का कनैक ान दिया जायेगा। उपाध्यक्ष महोदय, यह हकीकत है। इसके अलावा पीने के पानी की सब जगह दिक्कत है, कमी है। मैंने कल भी इसके बारे में जिक्र किया था कि सूखे के कारण लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। इसलिए नारनौल, गुडगांव, भिवानी और फरीदाबाद आदि सब जगहों पर सरकार को पीने का पानी भेजना चाहिए तथा बाढ की वजह से जितने वाटर वर्क्स खराब हो गये हैं, जितने बैड खराब हो गये हैं, जो पानी के फिल्टर बैड ठीक नहीं हैं उनको सरकार को ठीक करना चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, इसके अलावा, दूसरी बात यह है कि जो लौंग टर्म पोलिसी है, उसके बारे में मैं आपके माध्यम से सरकार को सुझाव देना चाहता हूं कि जो स्टेट में वाटर लेवल नीचे चला गया उसको ठीक किया जाये। मेरा ख्याल है कि 50–60 फुट से 100 फुट तक वाटर टेबल नीचे चला गया है, उसे ठीक करने का एक रास्ता यह है, सरकार को फौरी तौर से यह काम करना चाहिए कि

वेस्टर्न यमुना कैनाल की कैपेसिटी बढाएं, डिस्ट्रीब्यूटरीज, माईनर्ज, सब माईनर्ज की कैपेसिटी बढाएं और उनकी मुरम्मत कराएं। मानसून के दिनों मं करीब ढाई पौने तीन महीने यमुना नदी में खास पानी चलता है, वह पानी उन इलाकों में दिया जाये। इससे लोगों की फसल ठीक होगी, वाटर टेबल भी ऊपर आएगा और पानी भी री चार्ज होगा। इसके साथ साथ एक काम जो सरकार अगले साल तक पूरा कर सकती है, वह यह है कि दादुपुर नलवी नहर चलाई जाए इससे खरीब की फसल भी अच्छी होगी। आने वाली रबी की फसल का त करवा देने से लोगों को बहुत राहत मिलेगी इसके साथ साथ भााहबाद मारकंडा, टांगडी दरिया है, इनको भी टेम करना चाहिए। ि ावालिक पहाडियों से आने वाले नदी नालों को टेम करना चाहिए। जिस समय मैं मुख्य मंत्री था उस समय राजस्थान में बरकतुल्ला खां साहब मुख्यमंत्री थे। हरीके से पानी पाकिस्तान को जाता है। मेरे और राजस्थान के मुख्य मंत्री के और दोनों स्टेटौं के सिंचाई मंत्रियों के दस्तखत हो गए थे कि पाकिस्तान को जो पानी जाता है वह हम हरीके के स्थान पर राजस्थान कैनाल में डाल देंगे। राजस्थान कैनाल से वह पानी हम सिरसा जिले में ले लें और सिरसा जिले में, जितने दिन वह पानी सरप्लस हो, उसे वैस्टर्न यमुना कैनाल के इलाकों को दे दें इसके ऊपर हमें काम करना चाहिए। सिरसा जिले की ओटू झील के ऊपर दस या पन्द्रह करोड रूपये खर्च करके, रेलवे लाइन से ऊपर ले जाकर, पूरी तरह से डीसिल्ट किया जाए तो उसमें से काफी इलाकों को पानी दिया जा सकता है। अब उसमें सिल्ट भर

गई है, बाढ आई है, जिससे सिरसा जिले का बडा नुकसान हुआ है, भाहर को नुक्सान हुआ है, रतिया के इलाकों को नुक्सान हुआ है। मेरा सुझाव है कि ओटू झील के बारे में पूरा प्रोग्राम बनाकर 10–20 करोड रूपया खर्च करके उन इलाकों को सैराब किया जाए। उपाध्यक्ष महोदय, मेरा एक सुझाव है कि मैंने हरिद्वार से आगे गंगा नदी के पास भीमगौडा से करनाल तक, की नहर बनाने के लिए प्रौजेक्ट बनाकर भेजा था। इससे यह होगा कि जो पानी करनाल से नीचे जाता है, वह अम्बाला में, कुरूक्षेत्र के इलाकों में, यमुनानगर के इलाकों में इस्तेमाल हो सकता है, गंगा का पानी उसके नीचे के इलाकों में इस्तेमाल हो सकता है। इसी तरह से एस0वाई0एल0 के बारे में मुख्य मंत्री जी का स्टैंड कुछ और है, पंजाब के मुख्य मंत्री जी कुछ और कहते हैं। वे कहते हैं कि एस0वाई0एल0 बनने का सवाल ही नहीं है। लीडर आफ दि अपोजी ान अभी इसके बारे में कह रहे थे। मुझे नहीं मालूम है कि सही स्थिति क्या है ? लेकिन किसी ने किसी तरह से कोि ा ा करके एस0वाई0एल0 बनवाई जानी चाहिए, मेरा ख्याल है कि उसमें 2 मिलियन एकड फुट पानी हमारा है। स्पीकर सर, पिछले दिनों मुझे मालूम हुआ है, मुख्य मंत्री जी पता कर लें कि यह बात कहां तक सही है ? यू0पी0 में एक भाारदा रिवर है, उस रिवर से भारत सरकार एक प्रोजैक्ट बना रही है, जिसका पानी भाारदा नदी से लेकर पानीपत और सोनीपत के बीच यमुना नहीं में डालेंगे। दिल्ली को पीने का पानी देने के लिये मथुरा और आगरा जिलों की आबपा ाी के लिये वह प्रोजैक्ट बनेगा। मैं

हरियाणा सरकार से यह अनुरोध करूंगा कि आप भारत सरकार को चिटठी लिखें कि अगर ऐसा कोई प्रोजैक्अ हो तो उस प्रोजैक्ट में सोनीपत, फरीदाबाद और गुडगांवा जिलों को भी भाामिल कर लिया जाये। उस प्रोजैक्ट के खर्चे में जो भी हिस्सा हमारा आता हो, वह हम दे दें या फिर उसको सैंट्रल प्रोजैक्ट बनवा दें। उससे क्या होगा, सोनीपत, फरीदाबाद और गुडगांवा जिलों का काम चल जायेगा। इसके अलावा, वैस्टर्न यमुना कैनाल के पूरे सिस्टम की कैपेसिटी हम जितनी जल्दी बढा लेंगे, उतना ही हमें फायदा होगा। इससे पानी रिचार्ज होगा और वाटर टेबल भी ऊपर आयेगा। इससे लोगों को फायदा होगा। जवाहर लाल नेहरू कैनाल, इंदिरा गांधी कैनाल, बी0एन0 चक्रवर्ती कैनाल, जुई लिफट स्कीम तथा झज्जर लिफट स्कीम्ज ऐसी हैं जिनकी बहुत सी डिस्ट्रिब्यूटरीज, माईनर्ज और सब माईनर्ज बननी अभी बाकी हैं। वे हमे ाा सूखाग्रस्त इलाके होते हैं। इसलिये मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि उन इलाकों में जहां डिस्ट्रिब्यूटरीज माईनर्ज और सब माईनर्ज बननी बाकी हैं, उनको बनायें ताकि लोगों को पानी का फायदा हो। मैं समझता हूं बारि ा के दिनों में अकेली वैस्टर्न यमुना से ही पूरी स्टेट को दो अढाई महीने तक आराम से पानी दिया जा सकता है। इसलिए जो लिफट इरीगे ान स्कीम्ज हैं, इन सब के लिये डिस्ट्रीब्यूटरीज बनायें। जवाहर लाल नेहरू कैनाल इरीगे ान की सबसे बडी लिफट स्कीम है। इसी तरह से इंदिरा गांधी कैनाल और बी0एन0 चक्रवर्ती कैनाल है। जुई लिफट स्कीम सबसे छोटी लिफट स्कीम है। इनके अलावा एक बात का मैंने

मुख्य मंत्री जी से पहले भी अनुरोध किया था और अब भी करूंगा। कम से कम आजकल इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड का काम तो ठीक नहीं चल रहा है। मैं चेयरमैन को पर्सनली नहीं जानता नाम से तो जानता हूं लेकिन मैं उसको भाक्ल से नहीं जानता। मैं अभी इस बारे में आपसे यह अनुरोध करूंगा कि किसी फाइनैंि ायल कमि नर को उस बोर्ड का चेयरमैन बना दें ताकि इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड का काम ठीक तरीके से चलने लगे। इस ढंग से चलने से क्या फायदा है ? इस बार तो ऐसे हुआ है, उपाध्यक्ष महोदय, राईस सूटस भी लोगों को अब तक नहीं दिये गये हैं। धान कटन पर आ गया है लेकिन स्अेट में लोगौं को राईस सूटस अभी तक नहीं दिये गये। इसलिये मेरा इस बारे में एक सुझाव है। सरकार से मैं अनुरोध करूंगा कि इरीगे ान के जो प्रोजैक्अस मैंने बताये हैं जैसे भीमगोडा, करनाल, हरीके से पानी लाना, एस0वाई0एल0 वाला, भाारदा रिवर वाला और ओटू झील वाले प्रोजैक्अस की तरफ सरकार ध्यान दे और सरकार को चाहिये कि वह जल्दी से जल्दी कार्यवाही करने की कोि ा ा करके प्रोजैक्ट बनाये। प ाुओं के लिये जितनी जल्दी चारे का प्रबन्ध कर देंगे, उतना ही अच्छा होगा। अगर चारे का प्रबन्ध नहीं होगा तो मवे ाी मरने भाुरू हो जायेंगे। मवे ाी धन एक बहुत बडा धन होता है। इन भाब्दों के साथ ही मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

श्रीमती चन्द्रावती (लोहारू): यह जो इ ाु आज हमारे सामने है मैंने इसके बारे में काल अटैं ान मो ान भी दियाथा।

इस साल एक विचित्र बात यह हुई है कि बाढ भी आ गई और सूखा भी आया। वैसे तो यह सूखा सारे हरियाणा मे ंहै लेकिन हमारी तरफ ज्यादा है। जहां चावल बोया है, वहां पर भी सूखा पडा हुआ है। कहत की वजह से पानी की कमी है। मेरा लोहारू हलका थोडा सा तो भिवानी जिलें में है और कुछ महेन्द्रगढ जिले मे ंभी पडता है। मैं अभी 50–60 गांवों में जाकर आयी हूं। इन गांवों में एक ही बात सब जगह सामने आती है कि बिजली और पानी की कमी है। जब मैं बोल रही थी तो मैंने डिगवा पावर हाउस के ट्रांसफारमर के जलने की बात कही थी। मुझे खुद मिनिस्टर साहब ने यह बताया है कि पहले जो ट्रांसफारमर जल गया था, वह अब लग गया है लेकिन अब दूसरा एक और जल गया है। इस तरह बात तो वहीं की वहीं खडी रह गयी है।

चौधरी भजन लालः डिप्टी स्पीकर साहब, टाईम तो आधा घंटा ही बढायें लेकिन करीब आधा घंटे बोलने के लिये मुझे भी चाहिये। बाकी जितनी माननीय सदस्यों ने बातें कहीं हैं वह लगभग सारी बातें पहले आ चुकी हैं। उसका रैपीटी ान ही है। चन्द्रावती जी के 5 मिनट बोलने के बाद मेहरबानी करके आप मुझे बोलने की इजाजत दें।

श्री उपाध्यक्षः ठीक है!

श्रीमती चन्द्रावतीः डिप्टी स्पीकर साहब, यह बात तो कहनी पडैगी कि आज सूखे की हालत प्रदे ा के अंदर है।

प ाुओं के लिए चारा नहीं है उनके लिए चारा चाहिए। लोगों की मदद के लिए राहत कार्य फौरन भाुरू किए जाने चाहिएं। जोहडों की खुदाई होनी चाहिए, नहरों की डिसिल्टिंग होनी चाहिए, नहरों की मुरम्मत होनी चाहिए और स्कूलों की बिल्डिंग्ज जो लोगों ने बनाई थीं, उनकी हालत खस्ता है, उनको ठीक किया जाना चाहिए। आज खेतीहर मजदूरों को कोई काम नहीं मिल रहा है। आज हालत यह है कि दांती डालने के लिए घास भी नहीं रही। डिप्टी स्पीकर साहब, बिजली के बिना कुछ नहीं होगा। बिजली की हालत यह है कि पंजाब में और हमारे पास दो दो पावर हाउस थे। हमारे पास एक थर्मल प्लांट पानीपत में है और दूसरा फरीदाबाद में है। हमारी हालत यह है कि फरीदाबाद में जो आधा थर्मल प्लांट है, उसको भी हम पूरा नहीं कर पाए। पंजाब में दो पूरे हो गए और दो और बन रहे हैं। भाायद वे भी पूरे हो गए हैं और एक और बन रहा है। इस तरह से वे पांच पर आ गए हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, बिजली की कंजम्प ान बढ रही है और टयूबवैल्ज की गिनती भी बढी है लेकिन बिजली का उत्पादन ज्यादा नहीं बढा है। यह नहीं होना चाहिए। यमुनानगर में प्रधान मंत्री जी ने रिमोट कंट्रोल से पावर हाउस की नींव तो रख दी लेकिन सचमुच में पावर हाउस बनेगा या नहीं यह ई वर जानता है। उपाध्यक्ष महोदय नकीपुर जो लोहारू में है के लिए पावर हाउस की प्रोपोजल है। बाढडी जो सतनाली के पास है के लिए भी पावर हाउस की प्रोपोजल है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि सतनाल का पावर हाउस 33 के0वी0 से 132 के0वी0 का किया

जाए। यह बैल्ट मीठे पानी का है इसलिए मैं कहना चाहती हूं कि इस एरिया में पावर हाउसिज बनाए जाएं ताकि बिजली की समस्या हल हो सके। आज बिजली की बहुत बुरी हालते हैं आज अगर बिजली की चोरी रूक जाए तो किसानों को ज्यादा बिजली मिल सकती है। अगर करप् ान रूक जाए तो सारे काम ठीक ढंग से हो सकते हैं और जल्दी से जल्दी हो सकते हैं। आज करप् ान और इनऐफी ैंसी हैंड इन ग्लोव है। पैसा लिए वगैर आज फाइल ही नहीं निकलती। अफसर लोग इसी इंतजार मे ंरहते हैं कि पैसा आए तो फाइल निकाली जाए। गुडगांव में अंग्रेजों के वक्त नौ बांध थे आज उनका बुरा हाल है। कुछ पर लोगों ने कब्जा कर लिया। भी ावाल पिचापा और बादल गांवों में बांध होते थे वे सब डैमेज हो गए हैं। हमारे यहां बाढडा में बांध होते थे लेकिन वे सब खत्म हो गए। मेरा कहना यह है कि उन अफसरों के खिलाफ ऐक ान लिया जाना चाहिए जिन्होनें इन्हें खुर्दबुर्द होने दिया। उन अफसरों को सजा देनी चाहिए और उनकी जिम्मेदारी ठहरानी चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, बोरिंग टयूबवैल्ज की बुरी हालत है। पता नहीं सरकार ने कितने बौर्ड बना दिए। एम0आई0टी0सी0 बना दिया और कहीं कोई और बोर्ड बना दिया। फाइल पर बोर्ड बना हुआ है लेकिन काम कुछ नहीं हो रहा है। (ाोर एवं व्यवधान) मैं मुख्य मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि आप इस प्रदे ा के मुख्य मंत्री हैं आपको दिल्ली के दौरे कम रखने चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय एक बात मैं और कहना चाहती हूं कि जो छोटी छोटी नदियां हैं उनके किनारे पर और जमुना के किनारे पर सब

जगह पेड लगाने चाहिए। अगर पेड लगेंगे तो पानी कम सूखेगा। जहां झील है उनके चारों तरफ पेड लगने चाहिए ताकि पानी कम सूखे। चकबन्दी के समय मुरब्बा बन्दी हुई थी, लेकिन जोहडों के लिए कोई प्लानिंग नहीं की गई। गांव में जोहड छोडने चाहिए। वहां से प ाु पानी पीते हैं लेकिन जोहड न होने के कारण अब सारा प्रै ार नहरों पर आ गया है। अगर मेरे इन सुझावों पर सरकार अमल करे तो जनता की बहुत भलाई हो सकती है।

प्रो0 राम बिलास भार्मा (महेन्द्रगढ): उपाध्यक्ष महोदय, आज सरकार ने यह तो स्पीकार किया है कि हरियाणा के अन्दर बिजली की कमी और अकाल से गम्भीर स्थिति पैदा हुई है। 40 करोड रूपया इसके लिये एलोकेट किया है। आज एक सवाल के जवाब में यह बताया गया कि 464747 हैक्टेयर भूमि इससे प्रभावित हुई है और पूरे चार पांच जिले सूखे से प्रभावित हुए हैं। उपाध्यक्ष महोदय, मैं बातों को दोबारा दोहराना नहीं चाहता। मैं तो केवल सुजै ान्ज देना चाहता हूं कि इस सारी स्थिति से निपटने के लिये बिजली के जनरे ान का बढाया जाना बहुत ही जरूरी है। हम जिन इलाकों से आते हैं वहां सिंचाई की समस्या नहीं है, वहां पीने के पानी की भी समस्या है। जब तक पावर जनरे ान नहीं बढेगी तब तक हालात नहीं सुधरेंगे। मुख्य मंत्री महोदय ने खुद माना है कि स्थिति चिन्ताजनक हैं पावर जनरे ान बढ नहीं रही और मांग ज्यादा बढ रही है। आज से तीन चार साल पहले लोगों की जितनी डिमांड थी, अब उससे ज्यादा हो गई है। प ाुओं के

लिए चारा काटने वाला टोका है, वह भी आज बिजली से चलता है और भाानी बनाई जाती है। आटा बिजली पीसती है। लिफ्ट इरीगे ान सिस्टम जो हमारे तीन चार जिलों में है वह तब चलते हैं जब पूरी बिजली दी जाए।

उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा के पडौसी राज्यों में कहीं पर भी बिजली की कोई कट नहीं है। कल इस सदन में इस मसले पर चर्चा हुई थी कि किसी भी जगह पर बिजली की कटौती नहीं है। हिमाचल में बिजली की भाार्टेज नहीं है। हिमाचल, सरप्लस इलैक्ट्रीसिटी स्टेट है और समय सयम पर प्र ाासन ने ईमानदार तरीके से पावर जनरे ान को बढाने के प्रयास किये हैं और बिजली का प्राइवेटाईजे ान किया है। जिस तरह राजस्थान में भैरां सिंह सरकार ने किया उसी तरह से हिमाचल में श्री भाान्ता कुमार की सरकार ने प्रयास किये हैं। इसलिये मेरा सुझाव है कि हरियाणा के अन्दर भी पावर जनरे ान को बढाने के प्रयास किये जाने चाहिए। अभी हरियाणा के अन्दर श्री राजपाल जी को इलैकट्रीसिटी बोर्ड का चेयरमैन बनाया गया। ठीक किया, वे टैक्नीकल आदमी हैं, उनको इसकी ज्यादा नालिज है। परन्तु अब तक जितने पावर मिनिस्टर बने हैं, उनमें सबसे बढिया चौधरी वीरेन्द्र सिंह रहे हैं। चौधरी देवी लाल जी की सरकार में वे मिनिस्टर रहे हैं और लोगों ने यह माना है कि हरियाणा के अन्दर बिजली अगर सबसे ज्यादा मिली है तोउसी समय में मिली है। इसमें कोई दिक्कत है नहीं, चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी को यह

विभाग दे दिया जाए ताकि इस समय हरियाणा जो बिजली के संकट से गुजर रहा है, वह दूर हो जाए।

उपाध्यक्ष महोदय, हमें आज किसान के हितों की पूरी चिन्ता है। और उनके बारे में जो कुछ हम ईमानदारी से महसूस करते हैं वहीं सुझाव हम आपके सामने रख रहे हैं। मैं ए0सी0 चौधरी जी का विरोध किसी और कारण से नहीं कर रहा, लेकिन मैं इतना जरूर कहना चाहता हूं कि उनको अभी पावर जनरे ान का अनुभव नहीं है। चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी ने यह विभाग बहुत देर तक, बहुत वर्शों तक देखा है और उन्होंने कुछ उपलब्धियां भी करके दिखायीं हैं। यदि मुख्य मंत्री जी की पावर जनरे ान बढाने की सचमुच में कुछ इच्छा है, तो जो जो सुझाव यहां सदन में आए हैं उनकी तरफ अव य ध्यान देवें।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा जो इलाका है वह टेल का इलाका है। वहां पर नारनौल, महेन्द्रगढ, नागंल सिरोई में 36 एम0वी0, 66 एम0वी0 ट्रांसफामर्ज था उस को उठाकर सरकार ने डबवाली भेज दिया है। उपाध्यक्ष महोदय, आपको पता है कि हमारे इलाके में बिजली पहले ही कम आ रही है और इसके बावजूद भी सरकार ने ऐसा कर दिया। नांगल सिरोई का जो पावर स्टे ान है, वहां लोग आते जाते हैं और कर्मचारी बेचारे डर के मारे आते जाते नहीं हैं। (ाोर)

श्री मनी राम केहरवालाः उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। (ाोर)

प्रो0 राम बिलास भार्मा : उपाध्यक्ष महोदय, किस बात का प्वायंट आफ आर्डर ये उठा रहे हैं ? मुख्य मंत्री महोदय मेरी सारी बातों का जवाब देंगे। डबवाली मैंने कह दिया और इनको चिढ लग गई। इसका मतलब यह तो नहीं है कि मनीराम जी ही सारी जानकारी रखते हैं और हम बिल्कुल अनभिज्ञ हैं। (ाोर)

श्री मनीराम केहरवालाः उपाध्यक्ष महोदय, पंडित जी अभी कह रहे थे कि ट्रांसफार्मर एक जगह से उठा कर दूसरी जगह दे दिया। जहां से उठाया है वह भी जगह हरियाणा में है और जहां ले जाया गया है, वह भी हरियाणा में है। यहां तो ऐसा भी देखने में आया था कि जिन लोगों पर हरियाणा के लोगों ने वि वास किया था, उनहोंने हरियाणा के ट्रांसफार्मर यू0पी0 में भेज दिये थे। अब वह बात तो नहीं हो रही।

प्रो0 राम बिलास भार्मा : ऐसी बात नहीं है कि मैं डबवाली के बारे में बुरा सोचता हूं। मैं तो यह कहता हूं कि यह इलाका टेल पर है। पीछे एक योजना चली थी कि कनीना और महेन्द्रगढ के पावर हाउस दिल्ली से जोड दिये जाएं। परन्तु उसके लिए भाायद पैसा नहीं दिया गया क्योंकि उसके साथ इनफरास्ट्रकचर की बात आई। कनीना, महेन्द्रगढ और रेवाडी के 40 हजार के लगभग तो पुराने टयूबवैल्ज हैं और इन सालों में जो

नए लगे हैं, उनकी संख्या अलग है। तो जो भाखडा की लाइन यहां से जाती है, वह दादरी तक जाते जाते क्रिपल डाउन हो जाती है, इसलिए वहां के पावर हाउसिज को दिल्ली के साथ जोडा जाए।

वक्फ राज्य मंत्री (चौधरी भाकरूल्ला खां): उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है।

प्रो0 राम बिलास भार्मा : उपाध्यक्ष महोदय, मैंने तो मेवात का नाम नहीं लिया और न ही मेवात के मन्दिरों को तोडने की बात कही है तो भाई भाकरूल्ला जी परे ाान किसलिए हो रहे हैं ?

चौधरी भाकरूल्ला खां: अध्यक्ष महोदय, राम बिलास जी मेरे बहुत अच्छे साथी रहे हैं। अब ये बी0जे0पी0 के प्रैजीडैंट नहीं रहे, इसलिए भाोक प्रस्ताव पास किया जाए। (हंसी)

प्रो0 राम बिलास भार्मा : मैं चौधरी भाकरूल्ला खां का आभार मानता हूं कि वे मेरी इतनी चिन्ता करते हैं। इनको जानकारी होनी चाहिए कि मैं सर्व सम्मति से प्रदे ा का दो बार अध्यक्ष बना हूं। प्रदे ा की राजनीति की बात को लेकर मैंने स्वयं त्याग पत्र दिया है। आप चिन्ता न करें इससे कोई फर्क नहीं पडता।

Mr. Deputy Speaker: Ram Bilas Ji, you will have to concede or point that he is very considerate to you.

प्रो0 राम बिलास भार्मा : ये मेरा ख्याल रखते हैं इसके लिए मैं उनका आभार मानता हूं। मैं कह रहा था कि यह जो टेल का इलाका है, इसको दिल्ली के साथ जोडने की बात है।

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मेरे को दोबारा भजन लाल जी ने प्रधान नहीं बनने दिया और राम बिलास जी को इसलिए हटाया गया कि ये भजन लाल जी से मिले हुए थे। (हंसी)

प्रो0 राम बिलास भार्मा : उपाध्यक्ष महोदय, यह जो चौधरी भजन लाल से चौधरी बीरेन्द्र सिंह का दर्द है, मुझे कोई इस कारण से नहीं हटाया गया, मैंने तो स्वयं त्याग पत्र दिया है। इनको भजन लाल से ि ाकायत हो सकती है, मुझे अपने लीडर से कोई ि ाकायत नहीं है। तो मैं गुजारि ा कर रहा था कि मेरा इलाका टेल का है। उस इलाके के लोगों से रिप्रजैंटे ान आई थी और उसके आधार पर एक योजना विचाराधीन हुई थी। इस बार बारि ा नहीं हुई है और नहरों का पानी नहीं आ रहा है। अगर वह योजना अशाढी की फसल से पहले चालू न की गई तो दो जिलों के लोग परे ाान हो जाएंगे। वहां के पावर हाउसिज को दिल्ली के साथ जोडने का काम पूरा हो चुका था। इसलिए प्राथमिकता के आधार पर बजट की कोई नई एलोके ान करके, इन दो जिलों को बचाने की तरफ ध्यान दिया जाए। उपाध्यक्ष महोदय, महेन्द्रगढ भिवानी और रिवाडी जिले का वाटर लैवल बहुत नीचे चला गया है। भाायद दूसरे जिलों के लोग इस बात को

महसूस नहीं करते हैं क्योंकि दूसरे जिलों में यह समस्या कम है, लेकिन खास तौर से महेन्द्रगढ जिले का, रिवाडी जिले का और भिवानी जिले की लोहारू तहसील का वाटर लैवल, 300–400 फुट नीचे चला गया है। एक योजना 1979 में बनी थी कि साइफन से नहर का पानी नीचे उतार सकते हैं। जो पुरानी नदियां आती थी, दोहान नदी और कृश्णावती नदी, उनमें बरसात के दिनों में नहरों का सरप्लस पानी डैरोली जाट गांव के क्षेत्र में छोडा गया था वह योजना अब बंद हो गई है। उस पानी से, उस क्षेत्र मे ंपानी छोडने से बडी मात्रा में किसानों के टयूबवैलों का पानी ऊपर आया था। मैं निवेदन करूंगा कि अब भी उन नदियों में पानी छोडा जाए ताकि उससे 20–25 गांवों के किसानों को राहत मिल सके क्योंकि पानी छोडने से उस क्षेत्र के किसानों के टयूबवैलों का पानी ऊपर आता है। उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं चारे से संबंतिध बात कहना चाहूंगा। यह सरकार पता नहीं किसानों से संवेदन भून्य क्यों है। सिरसा में हम गए। सिरसा की मंडी में लगभग 50 गोडाउन थे, जिनमे ंखल थी, गेहूं थी और सरसों थी, वह सारे का सारा अनाज बाढ के पानी के कारण सड गया। व्यापारियों ने उस सडे हुए अनाज को बाहर डाल दिया। उस सडे हुए खल अनाज को खाकर 100 गऊएं मर गई। उपाध्यक्ष महोदय, यह जांच का विशय है।

उद्योग मंत्री (श्री लछमन दास अरोडा): आप बिल्कुल गलत बोल रहे हैं वहां पर ऐसी कोई बात नहीं हुई।

प्रो0 राम बिलास भार्मा : उपाध्यक्ष महोदय, यह सदन है और वहांपर 100 गाएं मरने की बात है। मैं यह बात बडे कांफीडैंस के साथ कह रहा हूं। मैं वहां 23 जुलाई को गया था। मैंने ला ाों को देखा है और लोगों से मिला हूं। उपाध्यक्ष महोदय, अगर अरोडा साहब यह कहते हैं कि मेरी बात असत्य है, तो आप इनके साथ अपोजी ान पार्टी का एक विधायक, वहां पर भेज दें, वह वहां जाकर पता कर लेंगे कि वहां पर 100 गाएं मरी थी या नहीं।

श्री लछमन दास अरोडाः उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस बात को चेलेंज करता हूं वहां पर कोई गाय नहीं मरी।

प्रो0 राम बिलास भार्मा : उपाध्यक्ष महोदय, मैं पूरे कांफीडैंस के साथ यह बात कह रहा हूं। कोई भी इस बारे में जांच कर लें। जहां जहां पर बाढ का पानी आया, वहां वहां पर प ाुओं में बीमारी फैली है। प ाुओं में गल घोटू की बीमारी खराब पानी पीने से और कम चारा खाने से फैली है। उन ईलाकों में एनीमल हसबैंडरी की मोबाइल टीम तुरंत जाकर प ाुओं में जो बीमारी फैली है, उसका उपचार करे। जिन ईलाकों में बाढ है, जिन ईलाकों में सूखा पडा है वहां पर सरकार सबसीडाइज्ड रेट पर चारा उपलब्ध कराए।

चौधरी जिले सिंह (साल्हावास) : डिप्टी स्पीकर साहब, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए बहुत बहुत

धन्यवाद। सारे प्रदे ा में सूखे की भयंकर स्थिति बनी हुई है, जब कि पिछले दिनों बाढ से भी काफी नुकसान हुआ। बारि ा होने की वजह से जहां बाढ आई, वहां हमारी तहसील झज्जर की जमीन रेतीली होने के कारण मुंह बन्द कर गई इसलिए वहांपर अकाल जैसी स्थिति बनी हुई है। पिछले दिनों कोसली के प ा मेले में पानी का एक एक मटका 6–6 रूपये में बिका, दूसरी तरफ सारी फसल तबाह हो गई। जहां एक ओर ज्वार बाजारा और ग्वार सूख गया उनके लिए पानी नहीं है वहीं दूसरीतरफ पीने के पानी की बडी भारी समस्या बनी हुई है। अगर सरकार ने जल्दी ही झज्जर, रिवाडी और महेन्द्रगढ की ओर ध्यान नहीं दिया तो वहां पीने का पानी नहीं मिलेगा। उस इलाके में वाटर लेबल कम से कम 100 फुट नीचे चला गया है। वाटर को रीचार्ज करने के लिए जैसे चौधरी बंसी लाल जी ने भी कहा कि डब्ल्यू0जे0सी0 का पानी वहां बरसात के दिनों में दिया जाए और यह बहुत ही अच्छा सुझाव है। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरे अपने जिले में 30 दिन में से सिर्फ 3 दिन नहर चलती है। पिछले दिनों 25 तारीख को नहर आई थी और 28 तारीख को बन्द हो गई थी। एक महीने में अगर 3 दिन पानी चलेगा तो उससे सिंचाई तो क्या होगी पीने का पानी भी पूरा नहीं हो सकेगा। एक ओर पीने के पानी की समस्या है, वहीं दूसरी ओर, पानी न होने की वजह से फसलों का भी नुकसान हो रहा है। झज्जर सब ब्रांच नहर की डी सिल्टिंग नहीं हुई है, उसके दो पम्प हाउस अखेडी मदनपुर और लाडैन बन्द पडे हैं ओर इसके आगे झांसवा वाटर सप्लाई और जमालपुर वाटर सप्लाई है उनमें

पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। मैं मुख्य मंत्री जी से डिप्टी स्पीकर साहब, आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि उस नहर की डीसिल्टिंग कब करवाएंगे और जो पम्प हाउस हैं इनको कब तक चालू करेंगे। इसके साथ ही साथ जे0एल0एन0 कैनाल से 3–4 माईनर्ज निकलती हैं निका 90 प्रति ात से ज्यादा काम हो चुका है। झांसवा माईनर पर चार छोटे छोटे पुल बनने हैं। अगर वे पुल बन जाएं तो कम से कम 6 गांवों को पीने का पानी मिल सकता है। डिप्टी स्पीकर साहब, मोहन बाडी में, पिछल बार मोर मर गए थे। पानी के बिना प ाुपक्षी पागल हो रहे हैं और लोग 4–4 किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हो गये हैं। अगर झासंवा माईनर के 3–4 पुल बन जाते हजैं तो 5–6 गांवों के पीने के पानी की समस्या हल हो सकती है। इन गांवों का सारे का सारा पानी खारा है। इसी तरह से खाचरोली माईनर है उस पर सिर्फ 2 पुल बनने हैं अगर इनको बना दिया जाए तो 3–4 गांवों को पीने का पानी मिल सकता है। डिप्टी स्पीकर साहब, सिंचाई तो बहुत दूर की बात है हमारे यहां तो पीने के पानी की भी भारी समस्या है इसतिलए सरकार को इस तरफ भी ध्यान देना चाहिए। साल्हावास माईनर का भी 80 प्रति ात काम हो चुका है, इसको जल्दी पूरा करवाया जाये।

डिप्टी स्पीकर साहब, जहां तक बिजली का सवाल है, वहां पर बिजली का अन डिवलेयरड कट है। 5 बजे से 7 बजे तक तो डिक्लेयरड कट है लेकिन उसके बाद रात के 11–12 बजे तक

बिजली नहीं आती अगर आती भी है तो बहुत ही डिम आती है। किसान यह समझता है कि बिजली पूरी आ रही होगी। जब वह टयूबवैल चलाता है तो उसकी मोटर जल जाती है क्योंकि दिन में लाईट आती नहीं और रात को आती भी है तो डिम आती है जिसकी वजह से खेतों में टयूबवैलों की मोटरें जल जाती हैं और किसान का बहुत नुकसान होता है। मेरे हल्के में पिछले दिनों 20 मोटरें जल गई जिससे किसानों का बहुत नुक्सान हुआ। बिजली की चोरियां भी होती हैं। लोगों को तंग भी किया जा रहा है। एग्रीकल्चर सैक्टर में विजिलैंस के छापों से लोगों को परे ाान किया जा रहा है। किसी के घर पर थरै ार खडा है, मोटर पडी है तो उसको उठा लिया जाता है। डिप्टी स्पीकर साहब, सेलंगा गांव की बात है, किसान के पास आटा पीसने की चक्की भी थी और अपना थरै ार भी था, उसकी मोटर को उठा ले गए और कहने लगे कि तुम यहां पर थरै ार चलाते हो, जबकि थरै ार वह अपने खेत में चलाता था। मेरे हल्के में कई नाजायज केस पकडे हुए हैं और कई जगहौं पर लोगों को हरास और परे ाान किया गया है। मैं डिप्टी स्पीकर साहब, आपके माध्यम से मुख्य मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या इण्डस्ट्रियल सैक्टर में ऐसी चोरियों को डिटैक्ट करने के लिए छापे मरवाए गए हैं ? हमारी सरकार के टाईम में फरीदाबाद और गुडगांव जिलों में इण्डस्ट्रियल एरिया की 100 करोड रूपये की चोरियों को पकडा गया था परन्तु इनकी सरकार ने उनके विरूद्ध कोई कार्यवाही न करके, उनको छोड दिया। इसी प्रकार से डिप्टी स्पीकर साहब ट्रांसफारमर बगैर

पेसे लिए और बगैर लालच के 2 महीने से पहले बदला नहीं जाता है। 2 महीने में भी तब बदला जाता है जब कन्ज्यूमर या टूयबवैल्ज वाले या गांव वाले एस0डी0ओ0 या जे0ई0 को पैसा दें, तब वह ट्रांसफारमर बदला जाएगा और उसके लिए भी ट्रांसपोर्ट अपनी ले जानी पडती है। अपने वहीकल्ज ट्रांसफारमार्ज लाने के लिए इस्तेमाल करनी पडती है जबकि सरकार कहती है कि रूल्ज में प्रोवीजन है कि वे ट्रांसफारमर्ज सरकार खर्चे पर ले जाकर वहां लगाते हैं, लेकिन वास्तव में ऐसी कोई बात नहीं है। कंज्यूमर्ज चंदा इकटठा करके ट्रांसफामर्ज लगवाते हैं। इसके साथ साथ उपाध्यक्ष महोदय, अब पब्लिक हैल्थ विभाग द्वारा वाटर सप्लाई का सवाल है। आज न तो बिजली है और न ही पानी है। यह सब न होने की वजह से जो पब्लिक वाटर वर्कस हैं उनके लिए बिजली नहीं है। उपाध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के के कई गांव हैं जैसे साल्हावास, नीलोखेडी और वीरोहड इनके अन्दर छोटे छोटे वाल्व दो दो महीने से नहीं हैं। अगर वह डेढ दो सौ रूपए का वालव लग जाए तो टंकी में पानी चढ सकता है। मैंने एक्सियन से कहा कि टंकी भर के पानी चलाया करें, वह बोला कि वालव नहीं है। मैंने कहा कि परचेज कर लो तो उसने कहा कि पैसे नहीं हैं। डेढ दो सौ रूपये के लिए हजारों लोग परे ाान हों, यह बहुत ही भार्म की बात है। इसलिए वे जो बाल्ज हैं वे बदले जाएं। उपाध्यक्ष महोदय, वाल्ज न होने की वजह से जो बिजली रात में आती है उससे टंकी मे ंपानी नहीं चढ पाता और दिन में बिजली आती नहीं है जिसके कारण नलके बन्द पडे रहते हैं, इसलिए यह सुधार

करवाया जाए। साथ ही जहां जहां पर पब्लिक हैल्थ वालों की मोटरें जली पडी हैं उनकी तरफ भी ध्यान दिया जाए। पानी की समस्या एक अहम समस्या है। पीने का पानी बहुत ही आव यक है। मेरा हल्का झज्जर तहसील में है। मैं आपको दावे के साथ कह सकता हूं कि लोग ट्रैक्टर में गाडियों में पानी की टंकियां भर के लाते हैं। अब भी यह हाल है कि कोसली की मण्डी में दो रूपए का मटका बिक रहा है। यह बडे ही भार्म की बात है। मैंने जब एस0डी0ओ0, पी0एच0 कोसली से पूछा कि कम से कम पीने का पानी तो मुहैया करवाओ, तो कहने लगे कि बिजली नहीं आती। मैंने कहा कि तुम्हारे यहां नांगल में तो इंजन भी लगा हुआ है, तो उन्होंने कहा कि इंजनों के लिए तेल के पैसे नहीं हैं। उपाध्यक्ष महोदय, बिजली तो है नहीं और इंजन लगे हैं लेकिन तेल खरीदने के लिए पैसे नहीं है।। इससे भार्म नाक और क्या बात हो सकती है ? यह मौजूदा सरकार आम जनता को पानी नहीं दे सकती। (घंटी) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एक सुझाव और इस सरकार को देना चाहूंगा कि कुछ इलाकै पानी में डूबे हुएहैं लेकिनर वहां पर लोग फसल नहीं बीज सकते। उपाध्यक्ष महोदय, सरकार को चाएिह कि जहां पर फलड है वहां से उस पानी को निकालैं और नहरों के जरिए जहां पर सूखा है, वहां उस पानी को पहुंचाया जाए। ऐसा करने से दोनों जगह फसल हो सकती है। इस बारे में सरकार को ध्यान देना चाहिए और जलदी सख्त कदम उठा कर यह कार्य करना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, पिछली 28 तारीख को श्री के0सी0 भार्मा, कमि नर साहब जमालपुर में गए और लोगों ने उन्हें कहा कि यहां पर पानी नहीं है, लोग प्यासे मर रहे हैं, आप यहां पर पानी का अरेंजमैंट करवाएं। के0सी0 भार्मा जी ने लख्मी चन्द रागनियों की कई कैसेटस बनवा रखी हैं। इसका नाम है– 'लख्मीचन्द की प्रेमधारा', 'ज्याति सतबीर का प्रेम'। मैं यह बात सच कह रहा हूं। वे कैसेटस लोगों को, बी0डी0ओज कोआप्रेटिव बैंक को, तहसीलदार को और सरपंच को देते हैं। और उन्हें कहते हैं कि कम से कम सौ सौ कैसेटस तो आप हमारी बिकवा दो। डिप्टी स्पीकर साहब, अगर इनके अधिकारी ही व्यापार करेंगे तो जनता का क्या सुधार करेंगे ? इस बात में अगर कोई संदेह हो तो आप इस मामले की इन्क्वायरी करवा सकते हैं।

चौधरी जिले सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, इसके अलावा सरकार को यह बताना चाहता हूं कि मेरे हल्के में पांच गांव ऐसे हैं जिन्हें वाटर सप्लाई नहीं किया गया जबकि पिछले सै ान से सरकार दावा करती रही है कि हरियाणा सरकार ने 6735 गांवों में पानी दे दिया है। डिप्टी स्पीकर साहब, साल्हावास, बिहरोड, लूलाहेडी, जमालपुर, ढालनवास, गोरिया और एक गांव लूखी जो जाटूसाना हल्के का है, इन गांवों में पीने के पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। मैं मुख्य मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि अगर इन गांवों में आज तक पानी गया हो या वहां पर कोई पब्लिक हैलि का पाईप दबा रखे हों तो ये मुझे बता दें। ये ऐसे ही कह रहे हैं

कि 6735 गांवों को पानी मुहैया करवाया है। उपाध्यक्ष महोदय, ये ऐसे ही कह देते हैं कि इन्होंने इतने गांवों को पीने का पानी दे दिया है। इसके साथ ही एक तरफ आज टिडडी दल का खतरा भी प्रदे ा में बना हुआ है दूसरी तरफ सूखे के लिए भी सरकार कुछ नहीं कर रही है। इससे पहले फल्ड के लिए सरकार ने कुछ नहीं किया। फल्ड से कितने मकान ढह गये और कितने लोग बह गये सारी फसलें बर्बाद हो गईं। उपाध्यक्ष महोदय, मुझे डर है कि टिडडी दल कहीं प्रदे ा में न आ जाए और इससे किसान न मारे जाएं। किसान तो पहले ही फल्ड के कारण मारे गये, और अब वे सूखे के कारण मर रहे हैं। उनकी फसलें बर्बाद हो गयी हैं। उपाध्यक्ष महोदय, इसी के साथ मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं। (इस समय कई सदस्य बोलने के लिए खडे हो गये)

श्री उपाध्यक्षः आप सभी बैठिये। सभी पार्टीज के सदस्येां के प्वायंटस आ गए हैं, इसलिए अब मुख्य मंत्री जी बोलेंगे। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री कृश्ण लालः उपाध्यक्ष महोदय, मुझे भी बोलने के लिए पांच मिनट चाहिए।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): उपाध्यक्ष महोदय, अभी तो कल सै ान चलना है ये कल बोल सकते हैं। उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्यों ने सूखे की स्थिति को लेकर चिन्ता व्यक्त की है। (ाोर एवं व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, आप इनको

बैठाईये। ये कल बोल सकते हैं तथा कल ही अपने हल्के की बातों के साथ साथ यह बात भी कह सकते हैं। ये सारी बातें तो कल ही आ गयी हैं। (ाोर एवं व्यवधान)

(इस समय श्री अध्यक्ष महोदय पदासीन हुए)

श्री अध्यक्षः आप सभी बैठिये। चन्द्रावती जी, क्या आप बोल चूकीं ?

श्रीमती चन्द्रावतीः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है। सभी सदस्यों को अपने हल्के की बातें कहनी हैं। जिन लोगों ने कालिंग अटैं ान मो ांज दे रखे हैं, उनको तो अंडर रूल आपको बोलने के लिए समय देना ही चाहिए, चाहे इसके लिए आपको और समय क्यों न बढाना पडे।

श्री अध्यक्षः सभी पार्टियों के काफी सदस्य बोल चुके हैं, इसलिए अब मुख्यमंत्री जी बोलेंगे।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर सर, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है। स्पीकर सर, यह बडा गंभीर मुददा था जिस पर चर्चा हो रही है और अब यह फलड के बाद आया हुआ सूखा है। दोनों तरफ गंभीर संकट है। इस पर हाऊस में पिछले दो घंटे से डिस्क ान चल रही है लेकिन ट्रैजरी बैंचिज के लोग थपथपी पीट रहे थे, यह बडी भार्म की बात है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इस सदन में बहुत से माननीय सदस्यों ने सूखे के बारे में काफी चिन्ता व्यक्त की है और यह चिन्ता का विशय है भी। इस बात से सारे प्रदे ा के चुने हुए नुमाइंदे और सरकार के अधिकाररी चिंतित हैं इसमें कोई दो राय नहीं है। सवाल तो यह है कि सरकार की तरफ से कोई सहायता दी गई है या नहीं।

अध्यक्ष महोदय, पहले तो भयंकर बाढ आ गई। कल बाढ के बारे में साढे तीन घंटे चर्चा हुई और उस चर्चा में ढाई घंटे सभी माननीय सदस्यों ने अपनी बातें कहीं और एक घंटा मैंने जवाब दिया। बात तो लगभग उसी से मिलती जुलती है क्योंकि बरसात हुए डेढ महीना हो गया है, उसके बाद बरसात नहीं आई। जब बरसात नहीं आती तो प्रदे ा के सामने बडी भारी दिककत आ जाती है चाहे वह प ाुओं के चारे की हो ..... (विघ्न)

श्री अध्यक्षः अमर सिंह जी, आप डिस्टर्ब क्यों कर रहे हैं।

श्री अमर सिंहः स्पीकर सर, आपने आदे ा दिया था कि जो इस बार में एडजर्नमैंट मो ान थी उसे काल अटैं ान मो ान में कनवर्ट कर दिया गया है और पार्टी के हरेक मैम्बर को ज्यादा से ज्यादा समय बोलने के लिए मिलेगा। हमारी पार्टी की तरफ से सिर्फ चौधरी बंसी लाल जी 10 मिनट बोल कर गए हैं, और किसी मैम्बर को टाइम नहीं मिला है। हमारी पार्टी के एक सदस्य श्री

कर्ण सिंह दलाल सदन से वाक आउट कर गए हैं अतः एज ऐ प्रोटैस्ट हम भी सदन से वाक आउट करते हैं।

(इस समय श्री अमर सिंह, श्री राम भजन अग्रवाल, प्रो0 छतर सिंह चौहान, श्री पीर चन्द और श्री ओम प्रका ा जिन्दल सदन से वाक आउट कर गए।)

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः स्पीकर सर, अभी चौधरी अमर सिंह जी कह रहे थे कि हमारी पार्टी की तरफ से सिर्फ चौधरी बंसी लाल जी 10 मिनट बोले हैं, बाकी किसी और सदस्य को समय नहीं मिला। असल में चौधरी बंसी लाल ही बचेंगे। बाकी तो सारे कांग्रेस में आना चाहते हैं।

चौधरी भजन लालः बंसी लाल जी कैसे बचेंगे, उनका तो सारा परिवार ही कांग्रैस में है। (ाोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे अर्ज कर रहा था कि बरसात न होने की वजह से प्रदे ा में बिजली का भी संकट है। किसान भी बडा परे ाान हो जाता है जब 6 महीने बाद भी कोई फसल न आए। बेचारा कहीं से उधार लेकर काम चलाता है बैंक लोन लेता है, पता नहीं कितने ही मसले किसानों के सामने होते हैं। बरसात न हो तो कितना भी नहर का पानी हो, उसमें कमी आ जाती है, कितना भी पानी हो, बरसात न होने से फसल आधी हो जाती है। प्रदे ा में वाकई सूख पडा हुआ है। सरकार की तरफ से जो बात हम कर सकते हैं उसमें हम कोई भी कसर बाकी नहीं रखेंगे। पहले

माननीय सदस्यो ंने कई बातें कहीं हैं जैसे श्री ओम प्रका ा बेरी ने बिजली के कनैक ान और ट्रांसफार्मर के बारे में कहा है। जहां तक तूडे के भाव का संबंध है, हम इस संबंध में अनाउंसमैंट करने जा रहे हैं। लोन की वसूली की चर्चा मैं बाद में करूंगा। सम्पत सिंह जी ने नहरी पानी और बिजली की बात कही है। एक बात उन्होंने यह कही कि बिजली के मामले को लेकर डिमांस्ट्रे ान हो रहे हैं, घेराव हो रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, यह बात ठीक है कि कई जगह ऐसा है। लोग भाायद यह समझते हैं कि बिजली भाायद दफतर में होगी जहां से वे ले लेंगे। भाायद वे यह समझते हैं कि बिजली यह दे सकते हैं। बिजली की समस्या अकेले हरियाणा प्रदे ा में ही नहीं है बल्कि सारे मुल्क में है। सारे दे ा में कट हे, 8–8 घंटे का कट लग रहा है। कोई भी ऐसा प्रदे ा नहीं है जहां बिजली का कोई कट न हो। हमने किसानों को बिजली देने के लिये जितने भी फरनेसिज चलते हैं, उनको बंद कर दिया हैं इस तरह से जो हमें 30–35 लाख यूनिटस बिजली मिली है, वह किसानों को दी है। अभी कल ही मैंने बिजली की सप्लाई के मामले में पिछले साल के मुकाबले में इस साल कितनी ज्यादा बिजली दी गयी है, इस बारे में आंकडें दिये हैं। इस बात को सारा सदन जानता है कि हमने ज्यादा बिजली देने की पूरी कोि ा ा की है लेकिन सूखा पडने की वजह से दिक्कत ज्यादा आ रही हैं। अगर बारि ा हो जाती तो वन फोर्थ बिजली से भी काम चल सकता था, क्योंकि तब जमीन गीली होती हैं जब जमीन गीली हो तो थोडी बिजली से भी काम चल जाता है लेकिन जब

जमीन बिल्कुल सूखी पडी हो तो उसे गीला करने के लिए चार गुना ज्यादा पानी लगता है। जिस जमीन को एक टयूबवैल दो घंटे में 4 एकड में पानी भर पाता है वहीं पर सूखी जमीन में वही टयूबैवल मु कल से 4 घंटे में एक एकड में पानी भर पाता है। सूखी जमीन पानी ज्यादा लेती है। स्पीकर साहब, आप तो किसान हैं, आपको तो बहुत ज्यादा पता है। एग्रीकल्चर के मामले में अगर मैं आपको डाक्टर कहूं तो कोई गलत बात नहीं होगी। यह जो डिमांस्ट्रे ान्ज होते हैं उनमें अगर मैं यह कहूं कि हमारे लोगों का हाथ भी रहता है तो कोई गलत नहीं होगा। सियासी आदमी अपने स्वार्थ सिद्धी के लिये लोगों को बहकाने की बात करते रहते हैं। लोगों को यह समझना चाहिये कि असलीयत में बात क्या है, सरकार की नीयत ठीक है या नहीं। हमारे माननीय सदस्यों को इस तरह के सुझाव देने चाहियें ताकि हम इस समस्या को हल कर सकें।

प्रो0 सम्पत सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री जी ने अभी कहा कि हमें सुझाव देने चाहिये। तो मैं सुझाव ही दे रहा हूं। इनहोंने यहां पर कहा कि सियासी लोग ही ऐसी बातें करते हैं। इनको भाायद याद हो या न हो, इनके खुद के पावर मिनिस्टर ने जब यह महकमा संभाला तो संभालते ही फरीदाबाद में इनका जब स्वागत हुआ, तो इन्होंने कहा कि वे 5 मिनट में बिजली की समस्या हल कर सकते हं, अगर दिल्ली को बिजली देनी बन्द कर दी जाये तो .....

श्री ए0सी0 चौधरीः मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। (व्यवधान व भाोर)

प्रो0 सम्पत सिंहः फिर आपको कन्ट्राडिक्ट करना चाहिये था ?

चौधरी भजन लालः आप क्या बात करते हो। क्या बिजली हरियाणा दिल्ली को देता है ? आप भी इस महकमे के वजीर रहे हैं। आप जानते हैं कि भारत सरकार से हम बिजली लेते हैं। एन0टी0पी0सी0 से हम बिजली संगरोली के माध्यम से लेते हैं पता नहीं ये लोगों को क्यों गुमराह करते हैं ?

प्रो0 सम्पत सिंहः 29 तारीख के दैनिक जागरण में यह बयान छपा है।

श्री ए0सी0 चौधरीः इन्होंने छपवा दिया होगा। (व्यवधान व भाोर)

चौधरी भजन लालः पानी के बारे में तो ये कह सकते हैं क्योंकि पीने के लिये हम उनको पानी देते हैं लेकिन बिजली के बारे में यह कैसे कह सकते हैं, जबकि हम दिल्ली की सरकार से बिजली लेते हैं ? उनको देते नहीं हैं (व्यवधान व भाोर)

श्री सतबीर सिंह कादियानः आन ए प्वायंट आफ आर्डर। प्रो0 सम्पत सिंह ने जो दिल्ली को बिजली देने की बात कही। जो आरोप उन्हौंने लगाया है वह इस तरह से हो सकता है कि

एन0टी0पी0सी0 से और भाखडा से अपना भोयर ही हरियाणा न ले और उस भोयर को वह दिल्ली को दे दे। गर्मियों में हरियाणा अपना भोयर दे दे और सर्दियों में अपना हिस्सा ले ले।

चौधरी भजन लालः कादियान साहब, आदमी को जिस लाइन की जानकारी न हो उसके बारे में नहीं बोलना चाहिए। जिस चीज की जानकारी हो उसी की बात करनी चाहिए। स्पीकर साहब, हमारे भोयर से ज्यादा बिजली लेते हैं और बिजली उनसे खरीदते भी हैं। पैसा उनको देते हैं और खरीदने पर भी हमको बिजली नहीं मिलती; और वह इसलिए कि आप जैसे लोग किसानों को बहकाते हैं कि बिल का पैमैंट मत करो। स्पीकर साहब, पैसे दिए बगैर बिजली मिलती नहीं है। सम्पत सिंह ने कहा कि पेहवा में लोगों को गिरफतार किया गया। स्पीकर साहब, कोई भी आदमी यदि कानून को अपने हाथ में लेगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। जहां तक बिजली की चोरी का सवाल है यह बात बिलकुल सही है। कल हमारी पार्टी मिटिंग में भी यह मामला डिस्कस हुआ था। कल डेढ घंटा तक बिजली का मामला डिस्कस हुआ था कि बिजली के मसले का कोई हल निकाला जाए। इसके लिए हमने एक कमेटी बनाई और उस कमेटी की मीटिंग आज चार बजे बुलाई है। उसमें यह डिस्कस होगा कि बिजली की चौरी कैसे रोकी जा सकती है और बिजली बोर्ड जो आंकडे देता है, वह सही हैं या नहीं ?

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, पावर की कमेटी बनी है और इरीगे ान की कमेटी भी बनी है। उसमें टोटल मिनिस्टर और एम0एल0एज0 रूलिंग पार्टी के हैं। आप उस कमेटी में अपोजी ान के एम0एल0एज0 को भी भाामिल करें और उनके सुझाव प्राप्त करें। जो डिपार्टमैंट के मिनिस्टर हैं वे उन कमेटीज के चेयरमैन हैं। इन कमेटीज में चार पांच मिनिस्टर हो गए और एक दो एम0एल0एज0 हैं अगर आप अपोजी ान के मैमबर भी भाामिल कर लें तो आपको अच्छे सुझाव मिल सकते हैं।

चौधरी भजन लालः हमें इसमें कोई ऐतराज नहीं है। जो अच्छे सुझाव होंगे, उनको माना जाएगा। हम कमेटी में एक दो मैम्बर आपके भाामिल कर सकते हैं। स्पीकर साहब, यहां यह कहा गया कि चोरी की वजह से कनैक ान काट दिए जाते हैं। अध्यक्ष महोदय, अगर कोई व्यक्ति चोरी करेगा तो उसका कनैक ान तो काटा ही जाएगा .....

प्रो0 सम्पत सिंहः मैं तो गांव के कनैक ान काटने की बात कह रहा था।

चौधरी भजन लालः इसका भी कोई कारण हो सकता हैं स्पीकर साहब, यहां पर ट्रांसफारमर्ज रिप्लेस करने की बात आई और कहा गया कि चीफ इंजीनियर के यहां से दिए जाते हैं स्पीकर साहब ट्रांसफारमर्ज के बारे में नीचे लैवल पर एक्स0सी0ए0

को अधिकार है वह चेंज कर सकता है। स्पीकर साहब, इन्होंने कहा कि एक आदमी से पांच हजार रूपया लिया गया .....

प्रो0 सम्पत सिंहः भोर सिंह फ्रीडम फाइटर हैं जिससे पांच हजार रूपया लिया गया, उसने ऐफीडेविट भी दिया है।

चौधरी भजन लालः आप मेहरबानी करके लिखकर दें। ऐफीडेविट मुझे नहीं मिला है। अगर आपके पास है, तो मुझे दे दें।

प्रो0 छत्तर सिंह चौहानः चौधरी साहब, ग्रिवैन्सिज कमेटी की मीटिंग में वह ऐफीडेविट डिप्टी कमि नर की मौजूदगी में श्री ए0सी0 चौधरी को दिया था।

श्री ए0सी0 चौधरीः वह 13 अगस्त को दिया था। उसकी इंक्वायरी के आर्डर्ज किए हुए हैं। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लालः प्रोफेसर साहब, आपको ऐफीडेविट देने की जरूरत नहीं है। आप वैसे ही कागज पर लिख कर दे दें, हम उसकी जांच करवा लेंगे। अगर सही बात होगी तो हम अव य ही कार्यवाही करेंगे। (ाोर एवं व्यवधान) दूसरा प्रोफेसर सम्पत सिंह जी ने कह दिय कि यमुना नगर के अंदर कब काम होगा, क्या होगा ? अगर मैं कुछ कहूंगा तो इनको तकलीफ होगी। बिजली बोर्ड का प्रोग्राम था यमुना नग्रर के अंदर थर्मल प्लांट लगाने का लेकिन जब इनका राज आया इनकी ऐसी मेहरबानी हुई कि इनहोंने वह प्रोजैक्ट ही एन0टी0पी0सी0 के हवाले कर दिया।

श्री अध्यक्षः वह जमीन किसने ऐक्वायर की थी ?

चौधरी भजन लालः जमीन हमने ऐक्वायर की थी। हमने वह प्रोजैक्ट बनाया था और हमारा बना बनाया प्रोजैक्ट इनहोंने एन0टी0पी0सी0 के हवाले कर दिया। (ाोर) अध्यक्ष महोदय, चार साल इनका राज रहा लेकिन जो प्रोजैक्ट बनने जा रहा था, उसको इन्होंने कुएं में धकेल दिया। हमने आने पर एन0टी0पी0सी0 से बात की और जब वे नहीं माने, यह मैं रिकार्ड की बात बता रहा हूं फिर हमने उनको चिटठी लिखी कि या तो आप 15 दिनों के अंदर अंदर इसका फैसला कीजियेगा नहीं तो हम अपना प्रोजैक्ट अपने हाथ में ले लेंगे। तो इना करने पर वे जरा तेज हुए और उसके बाद बाहर की कंपनियों के साथ नेगोि ाऐ ान हुआ, कुछ कंडी ांज के साथ नेगो ीिऐ ान चला। काम भाुरू हो रहा है, एग्रीमैंट हो रहा है। (ाोर) अध्यक्ष महोदय, यह काम जल्दी भाुरू होने वाला है, पत्थर रखा गया है। एक इन्होंने हिसार व फरीदाबाद के बारे में भी कहा। उसका बाकायदा एम0ओ0यू0 साईन हो गया है। उस पर भी एग्रीमैंट बहुत जल्द होने वाला है। इसी तरह से इन्होंने फरीदाबाद गैस बेस्ड प्रोजैक्ट का भी जिकर किया इसको जापान गवर्नमैंट बनाएगी तकरीबन सारा मामला तय हो चुका है और काम भाुरू होने जा रहा है। साथ में इन्होंने एस0वाई0एल0 के बारे में भी कहा है कि 1986 में कितना काम हुआ, 1987 में 1988 में कितना हुआ, 1990 में कितना हुआ और 1991 में कितना काम हुआ। इस बारे में मैं इतना ही कह सकता

हूं कि जो कुछ मेरे वक्त में काम हुआ था, जो काम हम भाुरू करवा के गये थे, उतना ही रहा। जितना पैसा हम देकर के गये थे उससे ज्यादा पैसा नहीं दिया गया इनके राज में। यह सब कुछ इनके राज में नहीं हुआ। जब भजन लाल चीफ मिनिस्टर था तब यह सारा काम भाुरू हुआ था और वही काम चलता रहा। (ाोर) इसके लिए पैसा भी हमने ही भारत सरकार से तय करवाया था। हमारे जाने के बाद इनकी सरकार ने एस0वाई0एल0 का कुछ काम नहीं किया। भारत सरकार ने करवाया और 95 परसैंट काम इस नहर पर हम करवा के गये थे (ाोर) अध्यक्ष महोदय, इनको इस तरह से भाोर नहीं करना चाहिए जरा इत्मिनान से सुनना चाहिए। हम इनके बीच में कभी नहीं बोले। बहुत दिन हो गए हैं इनको हाउस में बैठे। इनको जरा यहां बैठने की सभ्यता भी सीखनी चाहिए। इनको हिमाकत समझनी चाहिए। (ाोर) इनको यहां बैठकर कुछ सीखना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, जब भी कोई बात होती है तो इनके मैम्बर और ये खुद बीच में उठ कर बोलने लगते हैं (ाोर) अध्यक्ष्ज्ञ महोदय, मैंने पहले भी कहा कि 95 परसैंट नहर का काम हम कर गये थे। भोश काम के लिए भारत सरकार से बातचीत चल रही है और बहुत जल्द काम चालू हो जाएगा। 6 महीने के अंदर अंदर वह नहर बन जाएगी, देर का सवाल नहीं है। बात नजदीक लगी हुई है। इसके साथ साथ इन्होंने एक बात का और जिकर कर दिया कि चूंगा गांव के अंदर पीने के पानी की जो पाईप लाईन जाती थी। वह उखाड दी गई। मैं इनको बताना चाहता हूं कि ऐसी कोई बात नहीं है। वह लाईन

